# लेफ्टिनेंट सचिन पायलट



## राजस्थान के उपमुख्यमंत्री

**Shri Sachin Pilot** DOB 07 Sep 1977 **Vice Cief Minister Of Rajasthan**
Addredd -3, Safdarjung RoadNew Delhi - 110 011Tels. (011) 24368757, 24368758 (O), 23795070, 23795060 (R) Fax. (011) 23795080, 24360958 (O)
E-Mail ID - pilotoffice@nic.in

**लेफ्टिनेंट सचिन पायलट** (जन्म ७ सितंबर १९७७) एक भारतीय राजनीतिज्ञ तथा वर्तमान राजस्थान सरकार में उपमुख्यमंत्री हैं वे भारत सरकार की पंद्रहवीं लोकसभा के मंत्रीमंडलमें संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री में मंत्री रहे है। ये चौदहवीं लोकसभा में राजस्थान के दौसा लोकसभा क्षेत्र का भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से प्रतिनिधित्व करते हैं।

| पदस्थ | |
|---|---|
| कार्यभार ग्रहण | 17 दिसम्बर 2018 |
| राज्यपाल | कल्याण सिंह |
| निर्वाचन क्षेत्र | टोंक |
| मुख्यमंत्री | अशोक गहलोत |
| सांसद | |
| कार्यकाल | 2009 - 2014 |
| पूर्व अधिकारी | रासासिंह रावत |
| उत्तराधिकारी | सांवर लाल जाट |
| निर्वाचन क्षेत्र | अजमेर |
| जन्म | 7 सितम्बर 1977 (आयु 42)<br>सहारनपुर, उत्तर प्रदेश |
| राजनैतिक पार्टी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| जीवन संगी | सारा पायलट |
| संतान | आरान पायलट<br>वेहान पायलट |
| आवास | गाजियाबाद |
| विद्या अर्जन | दिल्ली विश्वविद्यालय (स्नातक)<br>पेन्नीस्लेवनिया विश्वविद्यालय (स्नातकोत्तर (प्रबंधन)) |
| पेशा | राजनीतिज्ञ |
| धर्म | हिन्दू |

## प्रारंभिक जीवन

सचिन पायलट गुर्जर समुदाय से हैं। उनके पिता स्वर्गीय राजेश पायलट थे जो कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में से थे। पायलट की प्रारंभिक शिक्षा नयी दिल्ली के एयर फोर्स बाल भारती स्कूल में हुई। उन्होंने अपने स्नातक की डिग्री दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफेंस महाविद्यालय से हासिल की। इसके बाद पायलट ने अमरीका स्थित पेंसिलवानिया विश्वविद्यालय के व्हॉर्टन स्कूल से एमबीए की डिग्री भी हासिल की। सचिन ने अपनी आरम्भिक शिक्षा दिल्ली की आर्मी स्कूल से पूरी की इसके बाद मैनेजमेंट की पढ़ाई इन्होने अमेरिका के पेन्सिल्वेनिया से की. ये एक राजनेता होने के साथ साथ युवाओं के लिए आदर्श व मोटिवेशनल वक्ता भी हैं. इन्हें भारतीय राजनीति का नया रूप माना जाता हैं. जो इनके व्यक्तित्व में साफ़ झलकता है.

## राजनैतिक जीवन

भारत लौटने पर सन २००२ में अपने पिता के जन्मदिन १० फरवरी को श्री सचिन कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर एक बडे किसान सभा का आयोजन भी किया गया। १३ मई २००४ को पायलट चौदहवीं लोकसभा के लिए दौसा सीट से चुने गये जिसमें उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को १.२ लाख मतों से हराया। २६ साल की उम्र में वे भारतीय सांसद बनने वाले सबसे युवा व्यक्ति थे। पायलट केंद्र सरकार के गृह विभाग के स्टैंडिंग कमिटी के सदस्य एवं नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सलाहकार समिति के सदस्य भी हैं।

## व्यक्तिगत जीवन

श्री पायलट का विवाह सारा अब्दुल्लाह से सन २००४ में हुआ, जो कश्मीरी नेता फारूक अब्दुल्ला की सुपुत्री हैं।